# बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया

## लाड़ली बहना योजना को लेकर मंत्री विजय शाह के बयान पर विवाद, शाम को दी सफाई

- लाड़ली बहना योजना को लेकर बयान पर विवाद
- रुपए दे रही इसलिए सीएम का सम्मान करना भी चाहिए

**रतलाम, 14 दिसंबर. जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह द्वारा लाड़ली बहना योजना को लेकर दिए गए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है. रतलाम में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के दौरान मंत्री के शब्दों को लेकर सियासी और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई.**

बैठक के दौरान मंत्री डॉ. विजय शाह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से जिले में लाड़ली बहनों की संख्या की जानकारी ली. अधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग ढाई लाख लाड़ली बहनें हैं. इस पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री को दो वर्ष पूरे होने पर कम से कम 50 हजार लाड़ली बहनों को सम्मान कार्यक्रम में आना चाहिए.

उन्होंने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये लाड़ली बहना योजना के तहत दे रही है, ऐसे में मुख्यमंत्री का सम्मान करना भी चाहिए. मंत्री ने यह भी कहा कि जो बहनें कार्यक्रम में नहीं आएंगी, उनकी जांच पेंडिंग की जा सकती




है और जो आएंगी, उन्हें अतिरिक्त लाभ देने पर विचार किया जा सकता है. मंत्री के इन शब्दों को दबाव और धमकी के रूप में देखा गया, जिससे विवाद गहरा गया.

विवाद बढ़ने के बाद शाम को मंत्री डॉ. विजय शाह की ओर से जनसंपर्क विभाग के माध्यम से स्पष्टीकरण जारी किया गया. मंत्री ने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी चर्चा केवल अपात्र बहनों को लेकर थी. रतलाम भ्रमण के दौरान उन्हें जानकारी मिली थी कि कुछ अपात्र महिलाएं भी योजना का लाभ ले रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों में नाराजगी है. इसी संदर्भ में अधिकारियों से बातचीत की गई थी.

### प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले के विकास कार्यों की भी समीक्षा की. उन्होंने कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सोलर पंप ऊर्जीकरण योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए. साथ ही कहा कि जिले के विकास से जुड़ी कोई भी योजना भोपाल स्तर पर लंबित हो तो तत्काल अवगत कराया जाए. उन्होंने जिला विकास सलाहकार समिति की वर्ष में कम से कम तीन बैठकें आयोजित करने और सदस्यों के सुझावों को अमल में लाने के निर्देश भी दिए.

# मियाना स्टेशन को मिला संरक्षण पुरस्कार

**भोपाल, 14 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल अंतर्गत मियाना रेलवे स्टेशन को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है. यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रविवार, 14 दिसंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया. पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने यह सम्मान प्राप्त किया.**

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा प्रदान किया जाता है. यह पुरस्कार देशभर में ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा प्रबंधन, नवीन




मियाना रेलवे स्टेशन को यह उपलब्धि एलईडी आधारित ऊर्जा-दक्ष प्रकाश व्यवस्था, बीएलडीसी पंखों की स्थापना और 30 से 70 प्रतिशत स्मार्ट लाइटिंग सर्किट संचालन प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण मिली है. इन उपायों से प्रतिवर्ष 10,000 यूनिट से अधिक बिजली की बचत संभव हुई है. महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यालय एवं भोपाल मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी.

तकनीकों के उपयोग और सतत विकास के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता देता है. कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया, ऊर्जा बचत के सत्यापन और तकनीकी दस्तावेजों की गहन जांच के बाद ही यह सम्मान प्रदान किया जाता है.



# पंकज यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

**लखनऊ, 14 दिसंबर. यूपी भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है. केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके नाम की घोषणा की. हालांकि शनिवार को एकमात्र नामांकन होने की वजह से पहले ही उनके नाम पर औपचारिक मुहर लग गई थी. लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई.**

केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे.

## मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नबीन की अटूट निष्ठा, समर्पण, कार्यकुशलता और व्यापक अनुभव से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नबीन ने भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है.

# पश्चिमी विक्षोभ का असर-मध्यप्रदेश में बढ़ी ठंड

**03** दिन फिलहाल शीतलहर का अलर्ट नहीं

**4.7** डिग्री सेल्सियस पारा लुढ़का बीती रात

**भोपाल, 14 दिसंबर. उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमालयी राज्यों में लगातार बर्फबारी का दौर जारी है.. इसका असर अब मध्यप्रदेश के मौसम पर भी साफ दिखाई देने लगा है.**

हालांकि सर्द हवाओं की रफ्तार फिलहाल कमजोर होने के कारण प्रदेश में अगले तीन दिन तक शीतलहर का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन राहत केवल अलर्ट तक ही सीमित मानी जा रही है. तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और रातें पहले से ज्यादा सर्द होती जा रही हैं.

प्रदेश में इस समय सबसे ठंडा इलाका शहडोल जिले का कल्याणपुर रिकॉर्ड किया गया है, जहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है. बीती रात यहां पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया, जो पूरे प्रदेश में ठंड के बढ़ते ट्रेंड को दर्शाता है.



मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत की ओर दो और पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ रहे हैं. इनके प्रभाव से पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश जारी रहने की संभावना है. जब ये सिस्टम आगे खिसकेंगे, तब पहाड़ों पर जमी बर्फ पिघलेगी और उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं मध्यप्रदेश की ओर बढ़ेंगी.. इसके बाद प्रदेश में एक बार फिर कोल्ड वेव यानी शीतलहर की वापसी होने की संभावना है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.

# कंदरिया महादेव मंदिर में हाइड्रोलिक लिफ्ट की स्थापना

## मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों का पहुंचना हुआ आसान और सुगम

**भोपाल, 14 दिसंबर. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), जबलपुर मंडल द्वारा मध्यप्रदेश के खजुराहो स्थित पश्चिमी समूह के मंदिरों में शामिल कंदरिया महादेव मंदिर में हाइड्रोलिक लिफ्ट की स्थापना की गई है.**

इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल कंदरिया महादेव मंदिर तक पहुंच को आसान और सुगम बनाना है. अब ऐसे श्रद्धालु और पर्यटक, जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है, वे बिना किसी बाधा के मंदिर के दर्शन कर सकेंगे. हाइड्रोलिक लिफ्ट के माध्यम से स्मारक परिसर में सुरक्षित और सुविधाजनक आवाजाही संभव हो सकेगी.



इस आधुनिक सुविधा का उद्घाटन मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव द्वारा किया गया. उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित रखते हुए उन्हें सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. यह कदम समावेशी विकास की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. एएसआई द्वारा की गई यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करेगी. इससे खजुराहो जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर सुविधाओं के विकास को नई दिशा मिलेगी.

# मतदाता सूची पर कांग्रेस की अहम बैठक

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 14 दिसंबर. देश के लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने तथा चुनावी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में मतदाता सूची सत्यापन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की.**

बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मतदाता सूची सत्यापन के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने इसकी प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की. उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र



और पारदर्शी चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जा सकता.

इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, तेलंगाना प्रभारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश सहप्रभारी चंदन यादव तथा उषा नायडू सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे.

बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में संगठन के सभी स्तरों पर बेहतर समन्वय बनाते हुए मतदाता सूची सत्यापन का कार्य गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाएगा.

# 24 घंटों में दो वन्य जीवों की मौत

## एक में बाघ-तेंदुआ संघर्ष तो दूसरी में जहरखुरानी की आशंका

**उमरिया, 14 दिसंबर. जिले में बीते 24 घंटों के दौरान वन्य जीव संरक्षण को झकझोर देने वाली दो गंभीर घटनाएं सामने आई हैं. पहली घटना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (बीटीआर) के धमोखर वन परिक्षेत्र अंतर्गत बदरेहल बीट की है, जहां एक तीन वर्षीय नर तेंदुआ बाघ के हमले में मारा गया.**

वहीं दूसरी घटना चंदिया तहसील क्षेत्र के सामान्य वन मंडल इलाके में सामने आई है, जहां एक पांच वर्षीय बाघ का शव संदिग्ध हालात में मिला है. दोनों ही मामलों ने वन विभाग और वन्य जीव विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है. बीटीआर में शनिवार को गश्ती दल को बदरेहल बीट में तेंदुए का शव दिखाई दिया. उप संचालक



पीके वर्मा के अनुसार मृत नर तेंदुए की उम्र लगभग तीन वर्ष थी. उसके शरीर का बड़ा हिस्सा बाघ द्वारा खा लिया गया था.

मौके से मादा बाघ और तेंदुए के पगमार्क, समीप के पेड़ पर खरोंच तथा जमीन पर घसीटने के स्पष्ट निशान मिले हैं. इन तथ्यों से यह संकेत मिला है कि बाघ ने पेड़ पर चढ़ रहे तेंदुए को नीचे खींचकर मार डाला और बाद में उसे खा लिया. तेंदुए के नाखून, दांत और मूंछें सुरक्षित पाई गई हैं, जिससे अवैध शिकार या मानव हस्तक्षेप की संभावना नगण्य मानी जा रही है. एनटीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया गया है.

दूसरी घटना चंदिया तहसील क्षेत्र में हाईवे से सटे बरम बाबा मंदिर के पास सामने आई, जहां एक बाघ का शव मिला. मृत बाघ की आयु करीब पांच वर्ष बताई जा रही है, जो लंबे समय से इलाके में सक्रिय था और स्थानीय लोग उसे धतूरा मेल के नाम से जानते थे.

# 13 करोड़ के गबन का एक और आरोपी बंदी

**बैतूल।** जनपद पंचायत भीमपुर व जनपद पंचायत चिचोली में हुए 13 करोड़ के गबन मामले में पुलिस ने एक और आरोपी पंकज यादव पिता स्व. रामकिशोर यादव निवासी सेंट पॉल स्कूल के पास पलासिया इंदौर को गिरफ्तार किया है।दरअसल 19 मार्च को फरियादी इंदिरा मेहतो जिला समन्वयक अधिकारी बैतूल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय भीमपुर एवं जनपद पंचायत चिचोली में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कुल 13 करोड़ 21 लाख 71 हजार 220 रुपये की राशि का गबन के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। विवेचना में प्रकरण के चार आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी थी। प्रकरण की विवेचना में ज्ञात हुआ कि 3 करोड़ 27 लाख रुपए लगभग की राशि आरोपी पंकज यादव पिता स्व. रामकिशोर यादव उम्र 35 साल निवासी लाला रामनगर सेंट पॉल स्कूल के पास पलासिया इंदौर के पास आना भी पाया गया।

### हॉस्टल के लिए लोन लिया आरोपी ने

उसने उक्त राशि युमेंद्र उर्फ दीपक रहांगडाले जो पूर्व में गिरफ्तार हो चुका से प्राप्त की है, जो कुछ राशि उसने युमेंद्र के कहने पर राजेंद्र व उसकी पत्नी से कैश प्राप्त की व कुछ राशि डायरेक्ट खाते में प्राप्त की है। आरोपी ने बताया वह इंदौर में हॉस्टल का संचालन करता है, उसके द्वारा हॉस्टल के लिए लोन लिया था, जिसे चुका नहीं पा रहा था। उसी दौरान युमेंद्र से उसकी पहचान गीता भवन में हुई। फिर बातचीत के दौरान उसकी पहचान यूमेंद्र के लिए कम करने वाले राजेंद्र परिहार से हुई। तब पंकज ने लोन न चुका पाने एवं पैसे की जरूरत होने की बात बताई. तब युमेंद्र ने कहा कि हम तुमको पैसे दे देंगे पर जब हम बोले चुकाना पड़ेगा।


**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि. / यां. संभाग बडवानी (म. प्र.)**
दूरभाष : 07290-224946, ई-मेल :- eendenmbarwani@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**
निविदा सूचना क्रं. 92 एवं 96 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 09/12/2025

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार हैः-

| स. क्र. | ई.निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_NVDA_466814_1 | अपरवेदा बाँध परियोजना जिला खरगोन स्थित एल.बी.सी. स्लूस गेट ( 2 No. Emergency gate & 2 No. service gate - 1.5 m X 2.0 m) का सुधार एव मरम्मत कार्य मय सामग्री प्रदायगी, कनेक्शन, टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित। | 130845.00 (रू. एक लाख तीस हजार आठ सौ पैतालीस) मात्र | 2617.00 (रू. दो हजार छः सौ सत्रह) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| | 2025_NVDA_466829_1 | अपरवेदा बाँध परियोजना जिला खरगोन स्थित आर.बी.सी. स्लूस गेट (1.2 m X 1.2 m) & 2 No. 900mm dia. Sluice valve & 7.5 HP oil cooled actuators का सुधार एव मरम्मत कार्य मय सामग्री प्रदायगी, कनेक्शन, टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित। | 174160.00 (रू. एक लाख चौहत्तर हजार एक सौ साठ) मात्र | 3483.00 (रू. तीन हजार चार सौ तिरासी) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| | 2025_NVDA_466838_1 | सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल गणपुर सिरसी, चिखल्दा मनावर फाटा, गणपुर नर्मदा नगर तहसील मनावर जिला धार में सड़क बत्ती प्रकाश व्यवस्था के सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री, प्रदायगी, ट्रान्सपोंटेशन, टेस्टिंग, लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 201021.00 (रू. दो लाख एक हजार इक्कीस) मात्र | 4020.00 (रू. चार हजार बीस) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| | 2025_NVDA_466854_1 | सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल निसरपुर-। तहसील कुक्षी जिला धार की जलप्रदाय व्यवस्था (लिकेज पाईप लाईन एवं समबर्सिबल मोटर पम्प) का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री, प्रदायगी, ट्रान्सपोंटेशन, टेस्टिंग, लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 237451.00 (रू. दो लाख सैतीस हजार चार सौ इक्यावन) मात्र | 4749.00 (रू. चार हजार सात सौ उनचास) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| | 2025_NVDA_466862_1 | सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल कसरावद, गोलाटा, मोहिपूरा चकेरी एवं मण्डवाड़ा तहसील ठीकरी एवं बड़वानी जिला बड़वानी में सड़क बत्ती प्रकाश व्यवस्था के सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री, प्रदायगी, ट्रान्सपोंटेशन, टेस्टिंग, लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 211671.00 (रू. दो लाख ग्यारह हजार छः सौ इकहत्तर) मात्र | 4233.00 (रू. चार हजार दो सौ तैतीस) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की तिथि : 02/01/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 05/01/2026, 10:00 से 05/01/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 05/01/2026, 10:00 से 05/01/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट / कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। आवश्यक होने पर निविदा में अन्य परिवर्तन की सूचना अलग से प्रकाशित नही की जावेगी, ऑनलाईन के माध्यम ही कॉरिजेंडम किये जायेगें। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास वि. / यॉ. संभाग
बड़वानी (म.प्र.)

G22718/25


**भाजपा ने फिर चौंकाया** युवा नेतृत्व के हाथ में सौंपी पार्टी की बागडोर, युवा मतदाताओं को दिया सार्थक संदेश

# नितिन को बागडोर सौंपकर रणनीतिकारों ने साधे कई निशाने

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. भाजपाई रणनीतिकारों ने एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर एक तीर से कई निशाने साधे हैं. अपेक्षाकृत युवा नेतृत्व के हाथ पार्टी की बागडोर सौंपकर पार्टी रणनीतिकारों ने जहां एक तरफ देश के युवा मतदाताओं के बीच सार्थक संदेश देने का प्रयास किया है। वहीं दूसरी ओर संगठन के प्रति समर्पित नेताओं के बीच भी उत्साह भरने का प्रयास किया है.**

राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि भाजपाई रणनीतिकारों द्वारा उक्त निर्णय के माध्यम से बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत देने वाले मतदाताओं के बीच भी सार्थक संदेश देने का प्रयास किया गया है. इतना ही नहीं कायस्थ समाज जो संख्या बल में अपेक्षाकृत अन्य अगड़ी जातियों में कम है, उस वर्ग को महत्व देते हुए पार्टी ने हरेक निर्णय को जातीय समीकरण या संख्या बल से जोड़कर देखने वालों के लिए भी दूरगामी संदेश दिया है.

सूत्रों की मानें तो पार्टी के संसदीय बोर्ड ने उक्त फैसला करते समय देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े पांच युवा नेताओं के नाम पर बहुस्तरीय दृष्टिकोण के साथ विमर्श किया. चर्चा के दौरान लगातार पांचवीं बार विधायक बने नितिन नबीन की सांगठनिक कार्यशैली व बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उनके द्वारा की गई विकासात्मक योजनाओं के संदर्भ में सार्थक योगदान की भी समीक्षा की गई.

सूत्र बता रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मजबूत आधार को चुनौती देकर भाजपा सरकार की वापसी के असली शिल्पकार के रूप में जिस तरह से नितिन नबीन ने कार्य किया था, उसको लेकर भी चर्चा हुई. पार्टी द्वारा इससे पूर्व सौंपे गए विभिन्न दायित्वों को जिस सौम्यता के साथ नितिन नबीन ने निर्वहन किया था उसके संदर्भ में तैयार रिपोर्ट ने भी उन्हें अन्य युवा पैनलिस्ट में से अलग किया. सूत्रों की मानें तो भाजपाई रणनीतिकारों द्वारा उक्त फैसला लेने से पहले संघ से भी विस्तृत विमर्श किया गया है. माना जा रहा है कि नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संघ व पार्टी के बीच चल रहे कथित मनमुटाव का पटाक्षेप हो जाएगा. हालांकि कुछ लोग कह रहे हैं कि परंपरा के अनुसार नितिन नबीन का कार्यकारी अध्यक्ष बनना पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने का मार्ग प्रशस्त करेगा. लेकिन कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि उक्त निर्णय संघ व पार्टी के बीच आपसी समन्वय की आरंभिक कड़ी है. क्योंकि पूर्णकालिक अध्यक्ष के नाम को लेकर संघ द्वारा जो प्रस्ताव, विचार या सलाह दी गई थी, वह अभी भी विचाराधीन है. ऐसे में संभव है कि भविष्य में कुछ और चौंकाने वाले फैसले देखने को मिले.